"संविधान दिवस" हर्षोल्लास के साथ मनाया

NSS Dinesh 25 Nov, 2023

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 25 नवंबर 2023 को "संविधान दिवस" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय सराहां के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर जगमोहन ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने संविधान दिवस पर शपथ ली। तत्पश्चात हिमानी शर्मा ने "लोकतांत्रिक देश में संविधान के महत्व" विषय पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संविधान से संबंधित विषयों पर ही आधारित रही। इस प्रतियोगिता में आर्यन, अंशिल तथा आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को बधाई दी तथा हिमानी शर्मा के वक्तव्य की सराहना की। उन्होंने संविधान के महत्व को उजागर करते हुए इसके उद्देश्यों को आत्मसात करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं राजनीति शास्त्र विभाग के आचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा उपस्थित कार्यवाहक प्राचार्य, स्टाफ के सदस्यों सीएसीए सदस्यों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।